## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 19.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **संसद का शीतकालीन सत्र, विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ हुआ संपन्न।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के सुवर्णरेखा नदी से अवैध बालू खनन का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की कार्रवाई की मांग।**
3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में रांची पुलिस ने टीएसपीसी के उग्रवादी को किया गिरफ्तार, लातेहार में पीएलएफआई के एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण।**
4. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद संजय सेठ ने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को बलिदान दिवस पर किया नमन।**
5. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी जीतने वाली झारखंड क्रिकेट टीम को किया सम्मानित, कहा–यह जीत खिलाड़ियों की मेहनत और टीम भावना का परिणाम है।**

****************

संसद का शीतकालीन सत्र विकसित भारत–जी राम जी सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ आज सम्पन्न हो गया। यह सत्र पहली दिसम्बर से शुरू हुआ था। मुख्य कार्यवाहियों को लेकर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में पारित हुए विधेयक करोड़ों लोगों की ज़िंदगी बेहतर करने और भारत को एक विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शीतकालीन सत्र सम्पन होने के बाद संवाददाओं को जानकारी देते हुए श्री रिजिजू ने संसद के शीतकालीन सत्र को कामकाज के लिए बहुत उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार था जब चुनाव सुधारों पर अलग से चर्चा हुई।

****************

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर लाई गई विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक 2025 के लोकसभा में पारित होने पर गुमला जिले के लोगों ने इस योजना को ग्रामीण मजदूरों के हित में अहम कदम बताया है। लोगों का कहना है कि पहले मनरेगा में केवल 100 दिन का काम मिलता था, जिसे बढ़ाकर 125 दिन किए जाने से मजदूरों की आमदनी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन पर भी रोक लगेगी।

****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के भुइयांडीह क्षेत्र में सुवर्णरेखा नदी से हो रहे अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार, माफिया और पुलिस की मिलीभगत का दावा किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा कि हाई कोर्ट की रोक के बावजूद खुलेआम अवैध खनन कर बालू महंगे दामों पर बेची जा रही है और इसी कारण पेसा कानून लागू नहीं किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अवैध खनन रोककर माफिया पर कार्रवाई करने की माँग की।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में आज पुलिस को दो बड़ी सफलताएँ मिली हैं। रांची पुलिस ने मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रिय उग्रवादी सलमान खान को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार, जिंदा गोली और एक बाइक बरामद की है। खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी ने बताया कि सलमान लंबे समय से संगठन से जुड़कर लेवी वसूली और दहशत फैलाने की गतिविधियों में शामिल था। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित विशेष टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान में उसके अन्य फरार साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

****************

पीएलएफआई के एरिया कमांडर और एक लाख रुपये के इनामी नक्सली आलोक यादव ने लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और एक देसी कार्बाइन और चार गोलियां सौंपीं। एसपी ने बताया कि उस पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 35 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और लगातार चल रहे सघन अभियानों के दबाव में उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने अन्य नक्सलियों से भी सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेने की अपील करते हुए मार्च 2026 तक क्षेत्र को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य दोहराया।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां और ठाकुर रोशन सिंह को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने कहा कि इन अमर शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमति अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को उनके बलिदान दिवस पर नमन किया।

****************

खूंटी जिले के राजकीयकृत मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय कालामाटी लगातार बेहतर शिक्षण की बदौलत नए मुकाम की ओर बढ़ चला है।

****************

मौसम विभाग ने राज्य के आठ जिलों में 22 दिसंबर तक घने कुहासे की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में घना कुहासा छाए रहने की आशंका है, जबकि 23 दिसंबर से मौसम साफ होने की संभावना है। इधर रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट के कारण ठंड और कनकनी बढ़ गई है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचने वाली झारखंड क्रिकेट टीम से मुलाकात कर खिलाड़ियों को बधाई एवं सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है और पूरे राज्य को इस ऐतिहासिक सफलता पर गर्व है।

********समाप्त*********